तेरी किरपा से मैया चलता गुज़ारा

तेरी किरपा से मैया चलता गुज़ारा
झूठे जहाँ में हमको तेरा ही सहारा
तेरी किरपा से मैया ....

नौ दिन के नवराते जब भी हैं आते
सेवक रिझाते मीठे भजन सुनाते
लगता है न्यारा सबको ऐसा नज़ारा
तेरी किरपा से मैया ....

झूठे हैं रिश्ते सारे मतलब के नाते
मुश्किल में कोई भी ना नज़दीक आते
मंझधार में थी नैया तुझको पुकारा
तेरी किरपा से मैया ....

तक़दीर मेरी मैया तुमने बनाई
उम्मीद हमने मैया तुमसे लगाई
गुणगान गाये मैया परिवार सारा
तेरी किरपा से मैया ....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/21480/title/teri-kirpa-se-maiya-chalta-gujara

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |